हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

Circular No:- BSEH/HOS/2024/07 Date:- 13 -09-2024

# प्रैस–नोट

हरियाणा मुक्त विद्यालय सैकेण्डरी / सीनियर सैकेण्डरी फ्रैश परीक्षा मार्च–2025 के ऑन–लाईन आवेदन भरने की तिथि 16.09.2024 निर्धारित की गई है। संशोधित शुल्क सहित ऑन–लाईन आवेदन करने की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की गई हैः–

| सैकेण्डरी | तिथि | फ्रैश श्रेणी हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 16.09.2024 से 15.10.2024 | 1200 / रू0 |
| 100 / रू विलम्ब शुल्क सहित | 16.10.2024 से 15.11.2024 | 1200+100=1300 / –रू0 |
| 300 / रू विलम्ब शुल्क सहित | 16.11.2024 से 10.12.2024 | 1200+300=1500 / –रू0 |
| 1000 / रू विलम्ब शुल्क सहित | 11.12.2024 से 31.12.2024 | 1200+1000=2200 / –रू0 |
| | | |
| सीनियर सैकेण्डरी | तिथि | फ्रैश श्रेणी हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क |
| बिना विलम्ब शुल्क | 16.09.2024 से 15.10.2024 | 1250 / रू0 |
| 100 / रू विलम्ब शुल्क सहित | 16.10.2024 से 15.11.2024 | 1250+100=1350 / –रू0 |
| 300 / रू विलम्ब शुल्क सहित | 16.11.2024 से 10.12.2024 | 1250+300=1550 / –रू0 |
| 1000 / रू विलम्ब शुल्क सहित | 11.12.2024 से 31.12.2024 | 1250+1000=2250 / –रू0 |

नोटः–सैकेण्डरी / सीनियर सैकेण्डरी फ्रैश श्रेणी में प्रायोगिक परीक्षा के लिए 100 / –रू0 प्रति प्रायोगिक विषय परीक्षा के अलग से देय होंगे। सीनियर सैकेण्डरी में अतिरिक्त विषय के लिए 200 / – रू0 प्रति विषय अलग से देय होंगे। इसके अतिरिक्त ऐसे परीक्षार्थियों द्वारा ऑन–लाईन आवेदन के साथ ही परीक्षा के माध्यम का चुनाव करना होगा।

1. ऑन–लाईन आवेदन करते समय परीक्षार्थियों द्वारा सभी प्रविष्ठियां सही / ठीक दर्ज की जायें तथा ऑन–लाईन आवेदन के समय केवल अपना / माता–पिता / बहन / भाई आदि का ही मोबाईल नम्बर दर्ज करें किसी दुकानदार या कैफे वाले का मोबाईल नम्बर दर्ज ना करवायें ताकि बोर्ड द्वारा छात्र हित के दृष्टिगत समय–समय पर जो जानकारियां दी जाती हैं वे जानकारी सीधे सम्बन्धित छात्र तक पहुंच सके।
2. परीक्षार्थी समय रहते ऑन–लाईन आवेदन करना सुनिश्चित कर लें। आवेदन / पंजीकरण की उक्त तिथियों से अभिप्रायः है कि सफल पंजीकरण के साथ–साथ निर्धारित शुल्क का बोर्ड कार्यालय के निमित बैंक खातों में जमा होना है। प्रायः देखने में आता है कि छात्र अपना ऑन–लाईन आवेदन के समय जारी किये गये User Id या Password की हार्ड कॉपी ले कर फार्म भरने का उल्लेख करते हुये परीक्षाओं के समय या आवेदन की अन्तिम तिथियों के समाप्त होने के बाद अनुक्रमांक लेने के लिये बोर्ड कार्यालय में आते हैं। ऐसे सभी छात्र को सूचित किया जाता है कि User Id या Password छात्रों के लिये फार्म भरने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिये जारी किया जाता है। जो परीक्षार्थी ऑन–लाईन आवेदन का निर्धारित शुल्क बोर्ड कार्यालय के निमित बैंक खातों में जमा नहीं करवाते हैं या फीस ऑन–लाईन आवेदन करते समय किन्हीं कारणों से वापिस उनके खाते में चली जाती है या ऑन–लाईन आवेदन करने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी के कारण समय पर आवेदन न करने की अवस्था में किसी परीक्षार्थी को समय की छूट नहीं दी जायेगी।

   ऐसे विद्यार्थी समय रहते अपना आवदेन पूर्ण करना सुनिश्चित कर लें बाद में बोर्ड द्वारा ऐसे केसों पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जायेगी। जिन परीक्षार्थियों का सफल पंजीकरण होगा केवल उन्हीं परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी का प्रिन्ट निकल पायेगा। इसलिये ऑन–लाईन आवेदन के बाद सभी परीक्षार्थी अपनी हार्ड कॉपी निकलवा कर भरे गये प्रलेखों का अवलोकन करना सुनिश्चित करें कि भरे गये विवरण

(हस्ताक्षर, फोटो, आधार नम्बर, लिये गये विषय, पता, परीक्षा कैटेगरी, परीक्षा का माध्यम, मोबाईल नम्बर व जिला इत्यादि) सही हैं व उनके द्वारा किया गया पंजीकरण सफल हो चुका है।

3. ऑन–लाईन आवेदन के दौरान फोटो नवीनतम, रंगीन डिजीटल तथा तिथि सहित स्कैन किये जाने अनिवार्य हैं। स्कैन किये जाने वाले फोटो का साईज 50 से 80 Kb के बीच तथा हस्ताक्षर का साईज 20 से 30 Kb के बीच स्कैन किये जाने अनिवार्य है। जिन छात्रों के फोटो/हस्ताक्षर निर्धारित साईज से कम या स्पष्ट नहीं होगें उनके अनुक्रमाक रोक लिये जायेगें तथा केवल इन्ही मामलों में शुद्धि करवाते हुए अनुक्रमांक जारी करवाने की दशा में छात्रों को अलग से शुद्धि शुल्क देना होगा। स्कैन किये गये फोटों व हस्ताक्षर सम्बधी त्रुटि परीक्षा आरम्भ होने के एक माह पूर्व तक ठीक करवाई जा सकती हैं। इसके उपरान्त इस प्रकार की कोई भी शुद्धि नही की जाऐगी। इसलिए परीक्षार्थी अपने हस्ताक्षर व फोटो तथा अन्य विवरणों को अच्छी तरह से चैक कर लें।
4. सैकेण्डरी परीक्षा के लिए वांछित दस्तावेजः–जन्म प्रमाण पत्र या विद्यालय छोड़ने का प्रमाण–पत्र (एस0एल0सी0) या सरकारी हस्पताल द्वारा जारी जन्म तिथि सम्बंधी प्रमाण–पत्र जो सम्बन्धित सक्षम अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित हो। जिस प्रमाण–पत्र के आधार पर छात्र ऑन–लाईन आवेदन करता है, उस प्रमाण–पत्र को भी ऑन–लाईन आवेदन के समय स्कैन करके साथ सलंग्न किया जाना जरुरी है अन्यथा अनुक्रमांक जारी नहीं किया जायेगा।
5. सीनियर सैकेण्डरी के लिए वांछित दस्तावेजः– किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड, जिसकी सैकेण्डरी परीक्षा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सैकेण्डरी परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त है, से सैकेण्डरी (अंग्रेजी विषय में पास हो या इस आवेदन के साथ ही सैकेण्डरी अंग्रेजी विषय का Additional कैटेगरी से आवेदन करना होगा तथा इस शर्त पर अनुक्रमांक जारी किया जायेगा की इस परीक्षा के साथ ही अंग्रेजी विषय पास करना होगा अन्यथा आपका परिणाम रद्द कर दिया जायेगा) पास प्रमाण–पत्र तथा सैकेण्डरी पास होने उपरान्त डेढ वर्ष (एक वर्ष छः माह) का अन्तराल होना अनिवार्य है अर्थाथ किसी विद्यार्थी ने सितम्बर 2023 में या इससे पहले दंसवी कक्षा पास की है वह मार्च 2025 की (फ्रैश) सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के लिए आवेदन करने का पात्र है। जिस प्रमाण–पत्र के आधार पर छात्र ऑन–लाईन आवेदन करता है उस प्रमाण–पत्र को भी ऑन–लाईन आवेदन के समय स्कैन करके साथ सलंग्न किया जाना जरुरी है।
6. प्रायः देखने में आता है कि विद्यार्थी अपनी पात्रता से सम्बन्धित दस्तावेज डाक के माध्यम से अधूरे भेजते हैं जिस कारण छात्रों के विवरण चैक नही हो पाते ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा आरम्भ होने पर अपना अनुक्रमांक लेने के लिए किसी कैफे वालो का सहारा लेते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष हिदायत दी जाती है कि समय रहते अपनी त्रुटि ठीक करवा ले अन्यथा परीक्षा आरम्भ होने के पश्चात् अनुक्रमांक जारी नही किया जायेगा।
7. फ्रैश विषय के लिये ऑन–लाईन आवेदन करने वाले छात्र अपनी ऑन–लाईन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं पास प्रमाण–पत्र की सत्यापित कॉपी दस्ती/पंजीकृत डाक द्वारा निम्न पते पर भिजवाना सुनिश्चित करें अन्यथा अनुक्रमांक जारी नहीं किया जायेगा।

**सहायक सचिव (मुक्त विद्यालय)**
**हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,**
**हांसी रोड़, भिवानी–127021**

अतः इच्छुक परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर आवेदन कर सकते है।

हस्ता0

अध्यक्ष